फाइल संख्या पी-11015/1/2023-पीपीसी
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली 18 मई, 2023

विषय: अप्रैल 2023 के माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल के लिए सारांश (संख्या-4)।

अप्रैल 2023 के माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलापों/कार्यक्रमों की रूपरेखा नीचे दी गई है:-

1. **मन की बात कार्यक्रम का 100वां संस्करण**

1.1 प्रसार भारती, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 26.04.2023 को माननीय प्रधान मंत्री के मासिक रेडियो प्रसारण की निरंतर सफलता को चिह्नित करने के लिए **मन की बात @ 100** पर एक **राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया** जिसका उद्घाटन भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने, माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर की उपस्थिति में विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया। देश के विभिन्न हिस्सों से **106 गणमान्य व्यक्ति, जिनका उल्लेख माननीय प्रधानमंत्री द्वारा "मन की बात"** के विभिन्न एपिसोड में किया गया था, ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा दो पुस्तकों अर्थात 'मन की बात @100' पर एक कॉफी टेबल बुक, जिसका शीर्षक **'माई डियर फेलो सिटिजन्स...'** है, जो माननीय प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात के विभिन्न एपिसोड्स में उल्लिखित लोगों की प्रेरक कहानियों पर केंद्रित है और दूसरी पुस्तक श्री एसएस वेम्पति, प्रसार भारती के पूर्व सीईओ की 'कलेक्टिव स्पिरिट, कंक्रीट एक्शन' को भारत के माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा रिलीज किया गया था।

उद्घाटन सत्र के बाद **चार पैनल चर्चा सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें** *नारी शक्ति, विरासत का उत्थान, जन संवाद से आत्मनिर्भरता* और *आह्वान से जन आंदोलन* के व्यापक विषयों पर प्रकाश डाला गया। इन सत्रों में गणमान्य व्यक्तियों जैसे कि पूर्व उपराज्यपाल सुश्री किरण बेदी, अभिनेता श्री आमिर खान, अभिनेत्री सुश्री रवीना टंडन, ग्रैमी पुरस्कार विजेता श्री रिकी केज, इन्फोसिस के पूर्व सीएफओ और बोर्ड सदस्य श्री टीवी मोहनदास पाई, विश्व मुक्केबाजी चैंपियन सुश्री निखत जरीन आदि जैसी प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं।

***समापन सत्र*** में माननीय गृह और सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह, माननीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी, मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, माननीय सूचना और प्रसारण और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर तथा माननीय वित्त राज्य मंत्री, श्री पंकज चौधरी ने भाग लिया। इस यादगार आयोजन को चिह्नित करने के लिए **स्मरणीय डाक टिकट और सिक्के का अनावरण** किया गया।

केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) ने भी मन की बात के 100वें एपिसोड के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करने वाली एक **विशेष प्रदर्शनी** का आयोजन किया और विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आम जनता द्वारा माननीय प्रधानमंत्री को संदेश रिकॉर्ड करने के लिए एक बूथ की व्यवस्था की।

1.2 30.04.2023 को, केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) ने मन की **बात के 100वें एपिसोड की विशेष स्क्रीनिंग की और विशेष प्रदर्शनियों** जिसमें मन की बात, आजादी का अमृत महोत्सव और भारत सरकार की उपलब्धियों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया, **का आयोजन राज्यो संघ राज्य क्षेत्रों के राजभवनों में किया** गया जिसमें माननीय राज्यपाल/उपराज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में और विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से उन लोगों ने भाग लिया जिन का उल्लेख माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न एपिसोड्स के दौरान किया गया है।

1.3 इस अवसर को यादगार बनाने के लिए सुश्री सुधा मूर्ति, डॉ. वीके पॉल, सुश्री अंजू बॉबी जॉर्ज आदि जैसी प्रमुख हस्तियों के **10 विशेष लेख** राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दैनिकों में प्रकाशित किए गए और **मन की बात-100 का लोगो का सृजन किया गया।** इस आयोजन को आगे बढ़ाने के लिए, डीडी न्यूज ने मन की बात की यात्रा का दिखाने के लिए **विभिन्न विषयों पर** पांच वृत्तचित्रों की एक श्रृंखला का निर्माण किया, राष्ट्रीय कॉन्क्लेव के दौरान डीडी न्यूज द्वारा तैयार की गई एक **विशेष फिल्म को** प्रसारित किया गया और बाद में मन की बात के 99 एपिसोडों से **माननीय प्रधान मंत्री की महत्वपूर्ण बाइट्स का प्राइम टाइम बुलेटिन में प्रसारण किया गया।** एनएसडी: आकाशवाणी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में हाइलाइट किए गए विषयों को सामने लाने के लिए 15.03.2023 से 30.04.2023 तक एक **विशेष श्रृंखला** प्रसारित की गई थी। 30.04.2023 को डीडी न्यूज पर विशेष ग्राफिक के साथ **दो घंटे का विशेष कार्यक्रम** चलाया गया, जिसमें 16 स्थानों के पत्रकारों को मेहमानों के साथ जोड़ा गया और एक **विशेष 30 मिनट के परिचर्चा कार्यक्रम का** भी प्रसारण किया गया। न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने सोशल मीडिया एकाऊंट्स में हिंदी और अंग्रेजी दोनों में **रील/वीडियो, ग्राफिक्स, ट्विटर पोल आदि** सहित व्यापक सोशल मीडिया प्रचार किया और **हैशटैग #MannKiBaat**, **#MannKiBaat100 #मन की बात** आदि का उपयोग करके

**हिंदी** भाषा **में एक विशेष पॉडकास्ट तैयार कर साझा किया।** कॉन्क्लेव के विभिन्न सत्रों और विभिन्न मेहमानों और गणमान्य व्यक्तियों के बाइट्स को हैशटैग **#मनकीबातकॉन्क्लेव** का उपयोग करके सोशल मीडिया पर प्रचारित किया गया।

1.4 प्रसार भारती द्वारा कराए गए और भारतीय प्रबंधन संस्थान, रोहतक द्वारा कराए गए एक विस्तृत अध्ययन के निष्कर्ष 24.04.2023 को निकाले गए। अध्ययन में पाया गया कि **मन की बात की पहुंच 23 करोड़ नियमित श्रोताओं सहित 100 करोड़ श्रोताओं तक है,** और 96% आबादी प्रसिद्ध रेडियो कार्यक्रम से अवगत है, इस लोकप्रियता के पीछे के कारणों को शक्तिशाली और निर्णायक नेतृत्व तथा दर्शकों के साथ भावनात्मक जुड़ाव बताया गया है। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) द्वारा किए गए एक अन्य विशेष अध्ययन में पाया गया कि 76% भारतीय मीडियाकर्मी मानते हैं कि '**मन की बात' इंडिया को भारत से जोड़ती है और 63% लोग** यूट्यूब पर 'मन की बात' सुनना पसंद करते हैं।

2. माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने 28.04.2023 को 20 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 84 जिलों में **91 स्थानों पर 100 वाट की क्षमता वाले अल्पशक्ति एफएम ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया**, जिससे आकाशवाणी (एआईआर) नेटवर्क में 2 करोड़ श्रोता जुड़ेंगे और जिसके परिणाम स्वरूप लगभग 35,000 वर्ग किमी क्षेत्र में कवरेज का विस्तार होगा। ट्रांसमीटर लगाने के लिए वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों, आकांक्षी जिलों और देश के सीमावर्ती क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। माननीय प्रधानमंत्री ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर आकाशवाणी को बधाई दी और कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण के लिए लगातार काम कर रही है।

3. दूरदर्शन नेशनल ने 14 से 15 अप्रैल, 2023 को भारत की सांस्कृतिक एकता और गर्व की भावना को पुनर्जीवित करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में भारत द्वारा उठाए गए बड़े कदमों को प्रदर्शित करने के लिए **दो -भाग की डॉक्यूमेंट्री "धरोहर भारत की - पुनरुथान की कहानी" का प्रसारण किया है।** सरकार की उपलब्धियों पर बने वृतचित्र में माननीय प्रधानमंत्री मोदी के विजन और नए राष्ट्रीय प्रतिष्ठित स्थलों के निर्माण के लिए इसके क्रियान्वयन और इसमें उनकी विशेष बातचीत को दिखाया गया है। जलियांवाला बाग जैसे देशभक्तिपूर्ण स्थलों की सुरक्षा के साथ-साथ उसकी पवित्रता सुनिश्चित करना; राम जन्मभूमि, काशी विश्वनाथ धाम, सोमनाथ धाम, केदारनाथ धाम जैसे हमारे सभ्यतागत केंद्रों के शानदार गौरव को पुनर्जीवित करना, और करतारपुर साहिब जैसे आध्यात्मिक स्थलों को सम्मान देना, सेलुलर जेल जैसे प्रेरणादायक स्थलों पर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन का जश्न मनाना, इंडिया गेट कैनोपी पर भव्य नेताजी प्रतिमा के माध्यम से नेताजी बोस के योगदान का मंचन करना, और हमारे अतीत और वर्तमान के - देशभक्तों के महान योगदान को - युद्ध स्मारक के माध्यम से चित्रण करना वृत्तचित्र में प्रस्तुत कुछ विषय

हैं। वृत्तचित्र लोकप्रिय डिजिटल मीडिया प्रस्तुतकर्ता सुश्री कामिया जानी द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

4. सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने **5 अप्रैल, 2023 को अमेज़न इंडिया के साथ एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य मीडिया, मनोरंजन और जन जागरूकता के क्षेत्र में सहयोग करना है**। इसे माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, अमेज़न इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों और अभिनेता श्री वरुण धवन की उपस्थिति में एक कार्यक्रम में इस पर हस्ताक्षर किए गए। अनुबंध पत्र (एलओई) मंत्रालय के तहत विभिन्न संगठनों और अमेज़ॅन के विभिन्न कार्यक्षेत्रों के बीच एक बहुआयामी साझेदारी की ओर ले जाता है। इनमें सरकार की ओर से राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी), प्रसार भारती, प्रकाशन विभाग, और भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) और सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एसआरएफटीआई) के मीडिया प्रशिक्षण संस्थान शामिल हैं। अमेजॉन की ओर से अनुबंध पत्र में अमेजॉन प्राइम वीडियो, एलेक्सा, अमेजॉन म्यूजिक, अमेजॉन ई-मार्केटप्लेस और आईएमडीबी की भागीदारी शामिल है। एलओई सार्वजनिक जागरूकता और भारत की सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने, भारतीय प्रतिभा को बढ़ावा देने और वैश्विक स्तर पर भारतीय सामग्री को प्रदर्शित करने में अमेज़न के साथ सहयोग का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

5. **चलचित्र अधिनियम 1952 में संशोधन:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 19.04.2023 को चलचित्र (संशोधन) विधेयक, 2019 जिसे 12.02.2019 को राज्यसभा में पुर:स्थापित किया गया था, को वापस लेने और चलचित्र (चलचित्र अधिनियम, 1952 में संशोधन करके चलचित्र (संशोधन) विधेयक, 2023 को पुर:स्थापित करने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। चलचित्र संशोधन विधेयक, 2023 का उद्देश्य फिल्म प्रमाणन से संबंधित मुद्दों का व्यापक रूप से समाधान करना है और जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ थियेटर में कैम-कॉर्डिंग के माध्यम से फिल्म पाइरेसी की जांच और किसी भी फिल्म की पायरेटेड कॉपी के अनधिकृत प्रसारण और प्रदर्शन पर रोक लगाने के लिए भी सख्त दंडात्मक प्रावधान हैं।

6. **एवीजीसी (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स):** राष्ट्रीय नीति मसौदा और मसौदा मॉडल राज्य नीति पर पहली **राष्ट्रीय कार्यशाला और परामर्श दिनांक 18.04.2023 को** विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित की गई। कार्यशाला में एवीजीसी से संबंधित केंद्र और राज्य दोनों स्तरों के कई सरकारी निकायों के साथ-साथ एवीजीसी क्षेत्र के उद्योग संघों और उद्योग के नेताओं की आगामी भागीदारी थी। एमएंडई और एवीजीसी-एक्सआर (एक्सटेंडिड रियलिटी) क्षेत्र में काम करने वाली विभिन्न प्रमुख कंपनियों और उद्योग निकायों के प्रतिनिधियों ने कार्यशाला में भाग लिया और देश में इस क्षेत्र को बढ़ावा देने पर अपना दृष्टिकोण साझा किया।

7. सचिव (सूचना और प्रसारण) ने 13.04.2023 को मुंबई में एशिया वीडियो इंडस्ट्री एसोसिएशन के कार्यवाहक मुख्य नीति अधिकारी श्री क्लेयर ब्लूमफ़ील्ड के साथ **'पॉलिसीज़ टू मेक इंडिया ए ग्लोबल कंटेंट एंड टेक्निकल हब' पर एक मुख्य संवाद सत्र में भाग लिया, जिसमें विभिन्न विषयों** अर्थात ओटीटी प्लेटफार्म: प्रासंगिकता और विनियम, चलचित्र अधिनियम, व्यापार करने में आसानी - भारत में शूटिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन, राष्ट्रीय प्रसारण नीति, एवीजीसी: एक बढ़ता हुआ क्षेत्र और मोबाइल प्रसारण पर चर्चा की गई। सचिव (सूचना और प्रसारण) ने **मोशन पिक्चर एसोसिएशन के साथ एक बैठक** में भी भाग लिया, जिसमें 'भारत को एक फिल्म-शूटिंग गंतव्य और एक आकर्षक पोस्ट-प्रोडक्शन गंतव्य के रूप में प्रचारित करना' पर आधारित चर्चाएं की गईं।

8. **आज़ादी का अमृत महोत्सवः भारत की आजादी के 75 साल**

'*जन भागीदारी और जन आंदोलन*' की भावना के तहत आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) का जश्न मनाने के लिए विभिन्न पहलें की जा रही हैं।

8.1 माननीय सूचना और प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 28 अप्रैल, 2023 को लेह में Y-20 कार्यक्रम में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के नायकों पर दो लघु वीडियो 'बेगम हजरत महल' और 'मंगल पांडे' लॉन्च किए। ये वीडियो **'आजादी की अमृत कहानियां'** नाम की सीरीज का हिस्सा हैं जो नेटफ्लिक्स के सहयोग से सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा निर्मित की जा रही है।

8.2 ***न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)*** के अप्रैल 2023 के पाक्षिक संस्करण में कवर स्टोरी "*सरकार द्वारा आम बजट के संबंध में विशेष ऐतिहासिक पहल* " और "*नौकरशाही की भूमिका और इसे और अधिक जनोन्मुखी बनाने के साथ-साथ भारत के संविधान के लिए प्रतिबद्ध* बनाने हेतु *सरकार द्वारा की गई पहल*" को सीबीसी द्वारा 13 भाषाओं में प्रकाशित और देश भर में वितरित किया गया। MyGov India के ई-संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ईमेल के माध्यम से एनआईएस के ई-संस्करण 71 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजे गए।

8.3 मंत्रालय ने **'अंग दान' विषय पर प्रधानमंत्री के मन की बात बुकलेट** का मार्च, 2023 संस्करण प्रकाशित किया है। इसके ई-संस्करण को ई-संपर्क के माध्यम से पूरे देश में लगभग 6 करोड़ नागरिकों को वितरित किया गया था और सूचना और प्रसारण मंत्रालय, MyGov, पीएम इंडिया और मंत्रालय की मीडिया इकाइयों की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया गया। मुद्रित पुस्तिका देश के सभी सांसदों और विधायकों और भारत सरकार के सभी सचिवों और राज्यों/केंद्र संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों को वितरित की जाती है।

9. **जी-20 शिखर सम्मेलन पर अभियान**

9.1 डीडी न्यूज नेटवर्क ने हैदराबाद में **जी-20 डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक,** भुवनेश्वर में **तीसरी एजुकेशन वर्किंग ग्रुप मीटिंग,** गोवा में **दूसरी हेल्थ वर्किंग ग्रुप** आदि सहित देश भर में आयोजित जी-20 अध्यक्षता से संबंधित सभी प्रमुख कार्यक्रमों का प्रसारण किया है। विशेष कार्यक्रम '**India@G20' की श्रृंखला का** प्रसारण सप्ताह के दिनों में प्रतिदिन किया जा रहा है, एक विशेष साप्ताहिक कार्यक्रम **'ए जी20 स्पेशल: इंडिया कॉलिंग' का** प्रसारण और एक विशेष कार्यक्रम **'भारत@20 : वसुधैव कुटुंबकम' को डीडी न्यूज पर साप्ताहिक रूप से प्रसारित किया जा रहा है।** डीडी इंडिया पर **इंडिया कॉलिंग पर** एक **विशेष कार्यक्रम भी प्रसारित किया गया है।**

9.2 सीबीसी ने जयपुर, गोवा, वाराणसी, शिलांग, हैदराबाद, धर्मशाला, भुवनेश्वर, लेह, गांधीनगर, गुवाहाटी और कुमारकोम जैसे विभिन्न शहरों को कवर करते हुए जी 20 सचिवालय के लिए **आउटडोर अभियान** चलाए।

9.3 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने अब तक आयोजित सभी कार्यक्रमों का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से **चौतरफा प्रचार किया और** देश भर के **कम से कम 13 समाचार पत्रों में एक विशेष जी-20 लेख प्रकाशित किया। पीआईबी रिसर्च यूनिट द्वारा** कुल **3 एक्सप्लेनर्स** और **2 पॉडकास्ट** जारी किए गए और **पीआईबी जी 20 माइक्रोसाइट को** जी 20 से संबंधित सभी सूचनाओं के लिए वन स्टॉप समाधान के रूप में नियमित रूप से अपडेट किया गया है।

10. **विशेष कवरेज**

10.1 **कोविड-19 संबंधित:** एक विशेष साप्ताहिक कार्यक्रम **'टोटल हेल्थ'** का प्रसारण कोविड-19 और टीकाकरण, कोविड संक्रमण के प्रभाव और रोकथाम, कोविड-19 के खिलाफ भारत की लड़ाई आदि पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों को कवर करने के लिए किया गया।

10.2 डीडी न्यूज ने रक्षा निर्यात के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा इसकी सराहना करने, जल जीवन मिशन के तहत 75% कवरेज को पार करने के लिए अरुणाचल प्रदेश की प्रशंसा, सीबीआई के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन, मैसूर, कर्नाटक में प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम का उद्घाटन, ईस्टर के विशेष अवसर पर ईसाई समुदाय के आध्यात्मिक नेताओं के साथ बैठक, विश्व बैंक के कार्यक्रम 'इसे व्यक्तिगत बनाना: कैसे व्यावहारिक परिवर्तन जलवायु परिवर्तन से निपट सकता है' को संबोधित करना, भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान 100वीं जी20 बैठक की सराहना, वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन का उद्घाटन सत्र, **मन की बात** पर प्रदर्शनी, सौराष्ट्र तमिल संगमम के समापन समारोह को संबोधित करना, केरल में जल मेट्रो का उद्घाटन आदि को लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार प्रदान किया।

11. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण की मंत्रालय की पहल -**

- **'मुजीब - द मेकिंग ऑफ ए नेशन' (बांग्ला):** फिल्म का पोस्ट-प्रोडक्शन पूरा हो चुका है और फिल्म तैयार है। 10.04.2023 को नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के लिए फिल्म की स्क्रीनिंग की गई। फिल्म के लिए प्रमुख वितरकों के लिए स्क्रीनिंग भी शुरू हो गई है।

- **डिजीटल मीडिया:**
  - आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत कवर की गई सामग्री के लिए, सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के प्रावधानों के तहत 8 यूट्यूब आधारित समाचार चैनलों, 9 सोशल मीडिया अकाउन्टस, 156 सोशल मीडिया पोस्ट, 2 वेबसाइटों और 1 एंड्रायड ऐप को ब्लॉक करने के लिए **दिशा-निर्देश जारी किए गए।**
  - मंत्रालय द्वारा दिनांक 06.04.20233 को एक **एडवाइजरी जारी की गई** है जिसमें समाचार पत्रों, टेलीविजन चैनलों और ऑनलाइन समाचार प्रकाशकों सहित विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्मों को सलाह दी गई है कि वे **ऑनलाइन सट्टेबाजी और गैंबलिंग प्लेटफॉर्म** और उनके किसी भी सरोगेट उत्पादों के विज्ञापनों को प्रकाशित करने से बचें। मंत्रालय ने एक विशिष्ट सट्टेबाजी मंच द्वारा दर्शकों को अपनी वेबसाइट पर एक खेल लीग देखने के लिए प्रोत्साहित करने पर भी आपत्ति जताई है, जो प्रथम दृष्टया कॉपीराइट अधिनियम, 1957 का उल्लंघन प्रतीत होता है।

- **प्रदर्शनी/पुस्तक मेला:**
  - प्रकाशन विभाग (डीपीडी) ने 10.04.2023 **'मोबाइल वैन' प्रदर्शनी** की पहल की है जिसमें विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों से संपर्क किया गया है। 'मोबाइल वैन' डीपीडी पुस्तकों की बिक्री की सुविधा प्रदान करती है।
  - डीपीडी ने सूचना भवन, नई दिल्ली में 26, 27 और 28 अप्रैल, 2023 को **बाल पुस्तक मेले** का आयोजन किया जिसमें लेखकों और स्कूली बच्चों को आमंत्रित किया गया और कहानी कहने की प्रतियोगिता आदि आयोजित की गई।

- **चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 01 नई अनुमतियां जारी की हैं और माह के दौरान किसी भी चैनल के समर्पण संबंधी अनुरोध/रद्दकरण को स्वीकार नहीं किया है। भारत में अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए प्राइवेट सेटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **30.04.2023 तक 906** है।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):** मंत्रालय ने माह के दौरान **दस (10) नए अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं** और **चार (04) जीओपीए का नवीनीकरण किया है।** अप्रैल, 2023 में **5 सीआरएस चालू हो गए हैं।**

- पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में **7280 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की हैं, **55 औपचारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की हैं, 25 वेबिनार आयोजित किए** हैं और भारत की जी20 अध्यक्षता, मन की बात आदि पर **27 लेख प्रकाशित किए** हैं। पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट **ने 20 झूठी खबरों का भड़ाफोड किया** और 26 ट्वीट पोस्ट किए। पत्र सूचना कार्यालय की अनुसंधान इकाई ने ***'अमृत यात्रा: आजादी से अब तक'*** नामक दस्तावेजों की श्रृंखला में **39 दस्तावेज प्रकाशित किए** और पिछले 9 वर्षों के दौरान की गई उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न क्षेत्रों पर फैक्टशीट बनाना शुरू कर दिया है, जिसमें अब तक 18 फैक्टशीट जारी की जा चुकी हैं।

- आजादी का अमृत महोत्सव की थीम पर **1 एकीकृत संचार और लोकसंपर्क कार्यक्रम (आईसीओपी)** और सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 8 वर्ष, भारत की जी20 अध्यक्षता और भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं पर 15 फील्ड प्रोग्राम आयोजित किए और देश भर में **सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न विषयों पर जागरूकता के लिए** निम्नानुसार कार्य किए:

| ट्वीट्स और रीट्वीट्स की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टर/संदेश/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 22745 (284645) | 8699 | 4175 | 11381 |

- **सोशल मीडिया कवरेजः** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने माह के दौरान लगभग **110 ग्राफिक्स/ वीडियो/ छवियां/ पोस्ट/ ट्वीट** आदि साझा करके सभी प्लेटफार्मों पर विभिन्न विषयों को व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया।

  **आजादी का अमृत महोत्सव** और अन्य प्रमुख अभियानों को अभियानों के लिए इन्फोग्राफिक्स, रील, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से हाइलाइट किया गया, जैसे **नेशनल कॉन्क्लेव: एमकेबी 100, मन की बात की 100वीं कड़ी, अमृत काल बजट श्रृंखला के माध्यम से केंद्रीय बजट 2023-24** आदि।



(विक्रम सहाय)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष # 23073775